प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी– भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनका बलिदान देशवासियों की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों के न्याय, देशभक्ति और निर्भीक प्रतिरोध के आदर्श आज भी अनगिनत भारतीयों में जोश और प्रेरणा का संचार करते हैं।

इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने आज डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ जन आंदोलन को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 1947 के बाद भारत की प्रगति में योगदान दिया।

विधानसभा बजट सत्र

शिमला में चल रहा प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र एक दिन के अवकाश के बाद आज दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगा। प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही की शुरुआत होगी जिसमें नौकरियों, सड़कों की खस्ताहाल स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा और कर्मचारियों से संबंधित प्रश्न विधायकों द्वारा सदन में पूछे गए हैं जिन पर आज चर्चा होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवददाता.....

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र एक दिन के अवकाश के बाद आज दोपहर दो बजे शुरू होगा। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी, जिसमें नौकरियों, सड़कों की खस्ताहाल स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा और कर्मचारियों से संबंधित सवालों पर चर्चा होगी। इससे पूर्व 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 54 हज़ार 9 सौ 28 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था जिस पर आज से बजट अनुमानों पर सदन में चर्चा होगी जो 25 मार्च तक चलेगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इस चर्चा की शुरुआत करेंगे और बजट पर सरकार को घेरेंगे जिससे अगले कुछ दिन तक विधानसभा के भीतर टकराव की स्थिति बनी रहेगी। विधानसभा के बजट सत्र के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंत्रिमंडल की बैठक करेंगे। इसमें बजट सत्र के दौरान पेश होने वाले विधेयकों के ड्राफ्ट को लेकर चर्चा होगी। कैबिनेट में चर्चा के बाद कई विधेयक विधानसभा में पेश किए जाएंगे। मंत्रिमंडल बैठक में विभिन्न विभागों में भर्तियों को लेकर मंजूरी मिल सकती है। राज्य की नई औद्योगिक नीति को लेकर भी कैबिनेट बैठक में चर्चा हो सकती है। मंत्रिमंडल बैठक में कम स्टूडेंट एनरोलमेंट वाले स्कूल

और कॉलेज बंद करने का मामला भी चर्चा के लिए लाया जाएगा। राज्य के जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या कम है, उन्हें बंद करने को लेकर कैबिनेट में फैसला संभावित है।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र में सड़क और खेल अधोसंरचना से जुड़ी लगभग 60 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिलाएं रखीं। इन परियोजनाओं के साकार होने से क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था मजबूत होने के साथ युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और खेल सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप सकंद माता की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। मां का यह स्वरूप ज्ञान, करूणा और मातृत्व का प्रतीक है। सकंद माता की पूजा से संतान सुख और सुख समृद्धि मिलती है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे है। वहीं विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

टीबी मुक्त भारत अभियान

प्रदेश में ''टीबी मुक्त भारत अभियान'' 2.0 के तहत 100–दिन का सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य घर–घर स्क्रीनिंग, शीघ्र निदान, निक्षय पोर्टल के माध्यम से ट्रैकिंग और उपचार प्रदान कर हिमाचल को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता।

——डिस्पैच——

सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से निक्षय शिविरों का आयोजन किया गया, जहां जोखिमपूर्ण आबादी वाले लोगों की टीबी जांच की गई। लक्षण वाले लोगों की नेट जांच की जा रही है, जिससे टीबी की पुष्टि होती है। इसके बाद टीबी मरीजों को विभाग की ओर से निशुल्क इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा निक्षय मित्रों की ओर से पोषण किट भी मुहैया करवाई जा रही है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में टीबी के 15 हजार से अधिक सक्रिय मामले है। सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त होने का लक्ष्य रखा था है जिसे पूरा न होने पर 100 दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पेट्रोल–डीजल

केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश भर में आवश्यक ईंधन की कोई कमी नहीं है, तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और पेट्रोल तथा डीजल का पर्याप्त भंडार है। खुदरा दुकानों पर भी किसी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है। केंद्र सरकार ने देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की स्थिर उपलब्धता सुरक्षित करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। मंत्रालय ने कहा कि राज्यों को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई गई है। इसमें स्कूलों और अस्पतालों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर से करवट लेगा। मौसम विभाग के अनुसार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्यभर में मौसम अस्थिर रहने के आसार हैं, जिससे लोगों को एक बार फिर ठंड और खराब मौसम का सामना करना पड़ सकता है। प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और तेज हवाओं का दौर देखने को मिल सकता है।